संख्या– /XXXVI(1)/2016-52/2016

प्रेषक,

आलोक कुमार वर्मा,
सचिव एवं विधि परामर्शी,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

सदस्य सचिव,
उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,
मा0 उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय परिसर,
नैनीताल।

न्याय अनुभाग–1

देहरादूनः दिनांक 15 जुलाई, 2016

विषय– **उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय हेतु लेखाकार एवं सहायक कम्प्यूटर प्रोग्रामर के 01–01 अस्थायी पद सृजित किया जाना।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0–42/III-C/उ0रा0वि0से0प्रा0/2016 दिनांक 07.01.2016 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में ई–लिंक, वेबसाइट को समय–समय पर अपडेट किये जाने तथा प्राधिकरण के आय–व्यय एवं लेखा का विवरण अनुरक्षित किये जाने हेतु सहायक कम्प्यूटर प्रोग्रामर एवं लेखाकार के 01–01 अर्थात कुल 02 अस्थायी पद निम्नानुसार दिनांक 28.02.2017 तक, बशर्ते कि ये पद इससे पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिये जाये, सृजित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः–

क्र0 सं0	पदनाम	वेतनमान	पदों की संख्या	भर्ती का स्त्रोत
1	लेखाकार	9300–34800 ग्रेड पे 4200	01	सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति
2	सहायक कम्प्यूटर प्रोग्रामर	9300–34800 ग्रेड पे 4200	01	सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति

3– उक्त पर होने वाला व्यय संगत वित्तीय वर्ष के आय व्ययक के अनुदान सं0–04 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2014–न्याय प्रशासन–00–आयोजनेत्तर–800–अन्य व्यय–05–राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण–00" के अन्तर्गत सुसंगत इकाईयों के नामें डाला जायेगा।

4– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय सं0–401/XXVII(7)/2016 दिनांक 15.07.2016 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(आलोक कुमार वर्मा)
सचिव

संख्या– 345 /XXXVI(1)/2016-202/2014 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, उत्तराखण्ड, ओबरॉय भवन, माजरा, देहरादून।

2– महानिबन्धक, मा0 उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल।

3– वरिष्ठ कोषाधिकारी, नैनीताल।

4– वित्त अनुभाग–7/कार्मिक अनुभाग/एन0आई0सी0/गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

15/07/16

(महेश चन्द्र कौशिवा)
अपर सचिव

c:\users\lenovo\documents\bhagwan yr 2016\slsa matters\slsa letters.docx